पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर
Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25
◆ वर्ष - 22 ◆ अंक - 5 ◆ रायपुर 05 सितंबर 2025 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### मुख्यमंत्री ने नवा रायपुर में संयुक्त पावर कंपनीज मुख्यालय भवन की रखी आधारशिला

# छत्तीसगढ़ जीरो पावर कट स्टेट से अब मुफ्त बिजली की ओर - मुख्यमंत्री

## रजत जयंती वर्ष पर साझा की 25 वर्षों की विकास यात्रा

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नवा रायपुर सेक्टर-24 में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज के संयुक्त मुख्यालय भवन का शिलान्यास किया।



रजत जयंती वर्ष और गणेश चतुर्थी जैसे पावन अवसर पर सम्पन्न इस समारोह में उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना की और भवन का थ्री-डी मॉडल अनावृत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भवन अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यकुशलता को नई ऊँचाई देगा, तीनों पावर कंपनियों के बीच समन्वय को मजबूत करेगा और उपभोक्ताओं को एक ही छत के नीचे सभी सेवाएँ उपलब्ध कराएगा। उन्होंने इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत मौलश्री पौधरोपण किया।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की 25 वर्षीय यात्रा यह प्रमाण है कि जब संकल्प और संवेदनशीलता साथ चलें तो परिणाम ऐतिहासिक होते हैं। वर्ष 2000 में प्रदेश केवल 1400 मेगावाट बिजली उत्पादन करता था, आज यह क्षमता बढ़कर 30 हजार मेगावाट हो गई है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में 1320 मेगावाट क्षमता के नए संयंत्र का शुभारंभ इस उपलब्धि को और सुदृढ़ करने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की यह प्रगति हर नागरिक के विश्वास, मेहनत और भागीदारी का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में सम्पन्न उनकी जापान और दक्षिण कोरिया यात्रा ने यह अनुभव कराया कि छत्तीसगढ़ अब वैश्विक स्तर की अधोसंरचना और कार्यसंस्कृति की ओर तेजी से बढ़ रहा है। संयुक्त मुख्यालय भवन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भवन का निर्माण गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए, ताकि यह ऊर्जा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की नई पहचान बने।

*1300 कर्मचारियों की क्षमता वाले इस भवन में 210 सीटों का प्रेक्षागृह, कर्मचारियों के लिए जिम, दो मंजिला बेसमेंट पार्किंग, मैकेनिकल स्टैक पार्किंग और ई-व्हीकल चार्जिंग जैसी अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। यह भवन बीईई की पाँच सितारा और गृहा की फाइव स्टार ग्रीन रेटिंग मानकों के अनुरूप निर्मित होगा तथा भवन प्रबंधन प्रणाली से इसका संपूर्ण संचालन होगा।*

## RSS के वरिष्ठ प्रचारक शांताराम जी का निधन

*94 साल की उम्र में ली अंतिम सांसें, पिछले कुछ दिनों से चल रहे थे बीमार*

**रायपुर।** श्री हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप मदकू के पुरातात्विक और आध्यात्मिक वैभव को पुनः प्रतिष्ठित करने वाले समाजसेवी और संघ के वरिष्ठ प्रचारक श्री शांताराम जी का 94 वर्ष की आयु में रायपुर में निधन हो गया। उनकी पिछले कुछ दिनों से तबीयत खराब थी। भारतीय स्टेट बैंक में प्रबंधक के पद पर रहते हुए उन्होंने उच्च पद और सुविधाओं का त्याग कर हिंदू समाज को संगठित करने का संकल्प लिया और राष्ट्रीय स्वयंसेवक



संघ के पूर्णकालिक कार्यकर्ता बन गए। संघ में रहते हुए उन्होंने क्रमशः जिला, विभाग, प्रांत प्रचारक और क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया। शांताराम जी का व्यक्तित्व सेवा, संगठन और समाजोत्थान की अदम्य भावना से ओत-प्रोत था। वर्ष 1990 से उन्होंने हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप मदकू को पुनः स्थापित और विकसित करने का मिशन अपनाया। उनके मार्गदर्शन और अथक प्रयासों से यह क्षेत्र न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से पुनर्जीवित हुआ, बल्कि शोधकर्ताओं और श्रद्धालुओं का प्रमुख आकर्षण भी बना। "**क्रांतिरथ छत्तीसगढ़**" परिवार की विनम्र श्रद्धांजलि।

### राजभवन में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

# शिक्षक अपने विद्यार्थियों के लिए रोल मॉडल होता है- राज्यपाल

रायपुर। राज्यपाल श्री रमेन डेका और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज शिक्षक दिवस के अवसर पर राजभवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम् में आयोजित गरिमामय समारोह में वर्ष 2024 के उत्कृष्ट शिक्षकों को राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया।

समारोह में राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने वर्ष 2024 के लिए सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रदेश के 64 शिक्षकों को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने राज्य शिक्षक सम्मान वर्ष 2025 के लिए चयनित 64 शिक्षकों के नामों की भी घोषणा की।

राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल श्री रमेन डेका ने सर्वप्रथम भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति, महान दार्शनिक और प्रख्यात शिक्षाविद् डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को उनकी जयंती पर नमन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा मानव के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। एक शिक्षक अपने विद्यार्थियों के लिए रोल





मॉडल होता है। बेहतर शिक्षक एक जिम्मेदार नागरिक तैयार करने में महती भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन के प्रेरणास्रोत होते हैं। उनके विकास में शिक्षकों की बहुत बड़ी भूमिका है। आज का जीवन सरल नहीं है। गिरकर खड़े होना और जीवन की चुनौतियों का सामना कैसे किया जाए यह विद्यार्थियों को सीखाना चाहिए। श्री डेका ने कहा कि शिक्षक ऐसा पढ़ाएं जिससे बच्चे स्कूलों की ओर आकर्षित हो। स्कूल भवन नहीं बल्कि उसके अंदर क्या पढ़ा रहे है ये महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्राचीन भारत की गुरूकुल परंपरा को श्रेष्ठ बताया।

# समय-सीमा बैठक के बाद कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने सुनी लोगों की समस्याएं, प्राप्त हुए 35 आवेदन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया





**बेमेतरा।** कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा की उपस्थिति में मंगलवार को समय-सीमा की बैठक के उपरांत कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न अंचलों से आए नागरिक अपनी-अपनी समस्याएं, मांगें एवं शिकायतें लेकर पहुंचे। कलेक्टर श्री शर्मा ने जनदर्शन में आए सभी आवेदनों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को दूरभाष पर एवं समक्ष बुलाकर आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कई मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। वहीं गंभीर और जांच योग्य प्रकरणों को टीएल पंजी में दर्ज कर नियमानुसार शीघ्र निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## प्रधानमंत्री आवास एवं पेंशन संबंधी आवेदन अधिक

आयोजित जनचौपाल में सबसे अधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति और अस्वीकृति की जानकारी से संबंधित रहे। इसके अलावा वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित पेंशन, दिव्यांग पेंशन, बैटरी चालित ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने, आम रास्ता खुलवाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने तथा खाद गड्ढे को हटाने जैसी समस्याओं से जुड़े आवेदन भी प्राप्त हुए। कुल मिलाकर आज के जनदर्शन में 35 आवेदन प्राप्त हुए।

## ग्रामीणों की समस्याएं और मांगें



ग्राम नगधा, तहसील नवागढ़ निवासी रामकृष्ण वर्मा ने आवेदन देकर अपनी भूमि को अन्य व्यक्तियों के खसरा नंबर में दर्ज होने की त्रुटि को सुधारने और भूमि वापस दिलाने की मांग की। ग्राम तूमा (झिरिया), तहसील बेमेतरा निवासी प्रेमकुमार साहू ने आवेदन देकर गांव में जले हुए ट्रांसफार्मर को शीघ्र बदलवाने की मांग रखी। ग्राम गुजेरा, तहसील नवागढ़ निवासी श्याम साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने हेतु आवेदन किया। ई-लोडर एवं छोटा हाथी संघ, बेमेतरा ने आवेदन देकर ई-रिक्शा चालकों द्वारा समान ढोने पर उचित कार्यवाही की मांग की। कलेक्टर श्री शर्मा ने सभी उपस्थित ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता पर निपटाया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती प्रेमलता मंडावी, अपर कलेक्टर श्री अनिल बाजपेयी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# भावना बोहरा मिली शोक संतप्त परिवार से



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** पण्डरिया विधायक भावना बोहरा ने 2 सितंबर को समीपस्थ ग्राम देवदाहरा के शोकाकुल साहू परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। ग्राम देवदाहरा के सेवानिवृत्त शिक्षक संतराम साहू का गोलोक गमन हो गया है। भावना बोहरा ने अपने क्षेत्रीय प्रवास के दौरान शोक संतप्त परिवार के मूरिदराम साहू, राजेन्द्र साहू, अजय साहू, जितेन्द्र साहू आदि से मिलकर उन्हें सांत्वना प्रदान की। इस अवसर पर ग्रामीणों ने गोरखपुर - देवदाहरा मार्ग निर्माण, देवदाहरा से नदिया तक मार्ग निर्माण, क्षतिग्रस्त बिजली खंबों का दुरस्तीकरण, यूरिया खाद की उपलब्धता की मांग की। गोरखपुर हल्का में पदस्थ पटवारी द्वारा किसानों से काम के एवज में राशि की मांग की भी शिकायत की।

# ईद ए मिलादुन्नबी पर उत्साह के साथ निकाला जुलूस पुलिस रही मौजूद

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** नगर सहित क्षेत्र में उत्साह के साथ मिलादुन्नबी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हाथों में इस्लामी झंडा और तिरंगा लेकर जुलूस निकाला।


लोग सरकार की आमद, मरहबा, इस्लामीक, नारा लगाते रहे। जुलूस नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए। मस्जिद परिसर में पहुंचकर, जलसा में तब्दील हो गया। शांति और सुरक्षा के लिए जुलूस के साथ पुलिस जवान भ्रमण करते रहे। इस मौके पर हाफिज जी ने कहा, कि पैगंबर मोहम्मद ने मानवता की भलाई के साथ आपसी मिल्कत, मोहब्बत और मुल्क में अमन चैन कायम करने के लिए प्रेरित किया। समाज में सौहाद्र पूर्ण का निर्माण अच्छे मार्ग पर चलकर शांति और प्रेम का संदेश दिया। मोहम्मद साहब के बताए हुए, रास्ते पर चलकर संसार में भाईचारा और अमन चैन का माहौल कायम



किया जा सकता है। लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी। भाईचारे का संदेश दिया, पुलिस ने जुलूस के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया। इस अवसर पर सैय्यद मुशीर, हुसैन वसीम, शेख सैय्यद, आतिफ अली, हाजी रफीक, हाजी लतीफ, शेख हकीमुद्दीन, सफील बैग, मो नजीर हुसैन बैग, शेख नसीरुद्दीन, सत्तार शेख, जाहिद खान, मो.सिद्धिक, सफीक एजाज, मोनू, आसिफ, मो. जाहिद सोयब, अनस जावेद, बैग मेहमान खान उपस्थित थे।



# नये युग में जापान-भारत मैत्री, भारत बनेगा ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जापान की धरती पर पैर रखने से पहले जापान ने अमेरिका के साथ अपनी द्विपक्षीय वार्ता स्थगित करके वार्ताकारों के दल की वाशिंगटन यात्रा टाल दी। यह एक अत्यंत साहसिक और कड़ा संदेश है कि अब विश्व के देश अमेरिका के आगे नतमस्तक होने वाले नहीं हैं। ज्ञातव्य है कि अमेरिका लगातार जापान पर भी टैरिफ लगाने की धमकी दे रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस यात्रा से पूर्व भी सात बार जापान की यात्रा कर चुके हैं किंतु ताजा यात्रा कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक रही। यात्रा में पहली बार जापान के साथ व्यापक सुरक्षा समझौता हुआ है तथा जापान ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत की नीतियों का समर्थन किया है।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जापानी समकक्ष शिगेरू इशिबा के साथ शिखर वार्ता की। इस वार्ता का उद्देश्य भारत और जापान के बीच व्यापार, निवेश और उभरती प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों सहित समग्र द्विपक्षीय संबधों को और विस्तारित करना था। दोनो देशों के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर हुए।

इसे भी पढ़ें- अमेरिकी दादागिरी के खिलाफ मोदी का दृढ़ रुख देखकर कई अन्य देशों का हौसला भी बढ़ रहा है

अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने जापान के कारोबारी समूहों को भारत में निवेश का आमंत्रण दिया। उन्होंने जापान में बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि जापान तकनीक का पावर हाउस है और भारत प्रतिभा की महाशक्ति। दोनों देश मिलकर इस सदी की प्रौद्योगिकी क्रांति का नेतृत्व कर सकते हैं विशेष रूप से एआई, सेमी कंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग, जैव प्रौद्योगिकी व अंतरिक्ष, मेट्रो नेटवर्क, विनिर्माण तथा स्टार्टअप के क्षेत्र में। उन्होंने कहा कि जापान हमेशा से भारत की विकास यात्रा में एक प्रमुख भागीदार रहा है। स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में संभवित सहयोग पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की जापान यात्रा के दौरान 10 साल का आर्थिक रोडमैप तैयार किया गया है जिसके अंतर्गत जापान भारत में छह लाख करोड़ का निवेश करेगा। इससे पूर्व भारत-जापान शिखर वार्ता के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, विश्व की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं और जीवंत लोकतंत्र के रूप में हमारी साझेदारी केवल दोनों देशों के लिए ही नहीं अपितु वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक बेहतर विश्व को आकार देने में मजबूत लोकतांत्रिक देश स्वाभविक साझेदार होते हैं। आज हमने अपनी साझेदारी में एक नए और सुनहरे अध्याय की नींव रखी है। हमने अगले दशक के लिए एक रोडमैप बनाया है।

प्रधानमंत्री मोदी के इस दौरे की एक विशेष बात यह भी रही कि भारत - जापान साझेदारी कोजापान में द्विदलीय समर्थन प्राप्त है। प्रधानमंत्री मोदी ने जापान के दो पूर्व प्रधानमंत्रियों योशीहिदे सुगा और फूमियो किशिदा से मुलाकात की। उन्होंने वहां के संसद अध्यक्ष व सांसदों के समूह के साथ चर्चा की। एक अनोखी पहल के तहत जापान के 16 राज्यों के गवर्नर ने प्रधानमंत्री से मुलाकात और निवेश आदि पर व्यापक चर्चा की। प्रधानमंत्री ने जापान के प्रधानमंत्री के साथ बुलेट ट्रेन में यात्रा की और भारतीय ड्राइवरों के साथ चर्चा की।अब इस बात की प्रबल संभावना है कि भारत में भी जल्द ही बुलेट ट्रेन का संचालन शुरू हो जाएगा जिसकी तैयारी चल रही है। भारत और जापान के बीच रक्षा, मानव संसाधन आदान-प्रदान, डिजिटल नवाचार, क्रिटिकल मिनरल्स, क्लीन एनर्जी, अंतरिक्ष सहयोग और सांस्कृतिक साझेदारी सहित कुल 21 समझौते हुए हैं जो भारत-जपान मैत्री के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा अधिकांश समय प्रधानमंत्री मोदी के साथ रहे। जापान के साथ हुए 21 द्विपक्षीय समझौते ही 21वीं सदी के नए भारत की नई विकासगाथा लिखने वाले हैं। भारत और जापान के मध्य हुई इस अहम साझेदारी का दर्द अमेरिका भूल नहीं पाएगा। उसे भारत के साथ अपने रिश्ते बिगाड़ने की गलती का निश्चित रूप से पछतावा होगा।

**- मृत्युंजय दीक्षित**

# उम्मीदों की चिप से हौसलों की उड़ान भरता भारत

**भारत इस क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिये उत्सुक है। तभी सेमीकॉन इंडिया-2025 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में बड़े बदलाव की नींव रखेगी। भारत ने तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक नया इतिहास रचते हुए अपना पहला पूर्णतया स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर तैयार कर एक तकनीकी ांति को आकार दिया है। यह उपलब्धि न केवल वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि राष्ट्रीय गौरव का भी प्रतीक है। भारत ने इस तकनीकी क्रांति की तरफ कदम बढ़ते हुए आत्मनिर्भर एवं स्वदेशी तकनीकी प्रगति को नये आयाम दिये हैं।**



पहला पूर्णतः स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर विकसित करने की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिये इसरो की सेमीकंडक्टर लैब साक्षी बनी है। पहली मेड इन इंडिया चिप का उत्पादन गुजरात के साणंद स्थित पायलट प्लांट से शुरू होगा। केंद्र की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत 18 अरब डॉलर से ज्यादा के कुल निवेश वाली दस सेमीकंडक्टर परियोजनाएं देश में चल रही हैं, अब भारत को इस तरह की तकनीक के लिये विदेशों के पराधीन नहीं होना होगा। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले चिप क्षेत्र में भारत की यह दस्तक उत्साह जगाने वाली है, निश्चित ही इससे भारत की ताकत बढ़ेगी और तकनीक के साथ-साथ यह आर्थिक विकास को तीव्र गति देगा। फिलहाल आधुनिक समय की इस जादुई चिप के उत्पादन में ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन और अमेरिका जैसे देशों का वर्चस्व है। विशेषतः भारत की यह जादूई उपलब्धि अमेरिका को आइना दिखाने वाली है, ट्रंप को यह एक बड़ा झटका है।

भारत इस क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिये उत्सुक है। तभी सेमीकॉन इंडिया-2025 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में बड़े बदलाव की नींव रखेगी। हालांकि, इस राह में अभी कई चुनौतियां हैं, लेकिन उम्मीद है कि छह सौ अरब डॉलर वाले वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में भारत की हिस्सेदारी आने वाले वर्षों में 45 से 50 अरब डॉलर की हो सकती है, जिससे भारत अनेक मोर्चें पर सफलता के परचम फहरायेगा। इस स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की अर्धचालक प्रयोगशाला ने अभिकल्पित किया है और इसे विक्रम नाम दिया गया है। यह अंतरिक्ष-मानक माइक्रोप्रोसेसर है, जो मुख्यतः अंतरिक्ष अभियानों और रॉकेट प्रणालियों में प्रयोग के लिए तैयार किया गया है। इसरो ने सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल) चंडीगढ़ के साथ मिलकर दो स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर विक्रम 3201 और कल्पना 3201 विकसित किए हैं। यह माइक्रोप्रोसेसर प्रक्षेपण यानों के नेविगेशन और नियंत्रण में मदद करेंगे। विक्रम 3201 पूरी तरह भारत में बना पहला 32-बिट प्रोसेसर है। इस कदम से इसरो को विदेशी प्रोसेसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा जिससे अंतरिक्ष में देश की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। निश्चित ही इससे भारत ने महाशक्ति बनने की ओर अपनी गति को तीव्रता दी है, जिससे अमेरिका हिला और दुनिया भारत की ताकत से रू-ब-रू हो रही है।

अब तक भारत को अनेक जटिल अंतरिक्ष अभियानों के संचालन हेतु विदेशी सूक्ष्म-प्रक्रमकों और अर्धचालक पट्टिकाओं पर निर्भर रहना पड़ता था। यह विदेशी निर्भरता न केवल आर्थिक दृष्टि से बोझिल थी बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी चुनौतीपूर्ण थी।

विक्रम माइक्रोप्रोसेसर के निर्माण से भारत ने इस निर्भरता की बेड़ियों को तोड़ा है और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सशक्त कदम बढ़ाया है। निस्संदेह, भारत को चिप उत्पादन क्षेत्र में एक दिग्गज देश बनने के लिए निरंतर निवेश, अनुसंधान-विकास और विनिर्माण की आवश्यकता होगी। प्रधानमंत्री मोदी इसके लिये निरन्तर प्रयासरत है। हाल ही में प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से उम्मीद जगी है कि वह वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करने में भारत के लिये मददगार साबित हो सकता है। यह सुखद ही है कि भारत में चिप उत्पादन परियोजनाओं में जापानी निवेश बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राएं भारत को ऐसे ही विकास के नये शिखरों पर आरोहण कराने का सशक्त माध्यम बन रही है।

निश्चित रूप से मोदी सरकार के प्रयासों से भारत चिप उत्पादन के वैश्विक महत्वाकांक्षी अभियान की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ सकता है। दरअसल, डिजिटल डिवाइसों का मस्तिष्क कहा जाने वाला सेमीकंडक्टर कंप्यूटर, मोबाइल, राउटर, कार, सैटलाइट जैसे उन्नत डिजिटल डिवाइस तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन उपकरणों की कार्यकुशलता उन्नत चिप की ताकत पर निर्भर करती है। साधारण शब्दों में कहें चिप पतली सिलिकॉन वेफर पर बने लाखों-करोड़ों ट्रांजिस्टरों का संजाल है। जो कंप्यूट करने, मेमोरी प्रबंधन व सिग्नल प्रोसेस करके डिवाइस को उन्नत बनाती है। उम्मीद है कि भारत का स्वेदशी चिप इस साल के आखिर तक बाजार में आ सकेगी। जिसका असर जियोपॉलिटिक्स पर तो होगा ही, नये रोजगार सृजन का वातावरण भी बनेगा, भारत तकनीकी विकास के नये आयाम उद्घाटित करते हुए विश्व को अचंभित भी करेगा। निश्चय ही भारत यदि अनुसंधान-विकास व व्यापार सुगमता की स्थितियां निर्मित कर लेता है तो हमारी सेमीकंडक्टर आयात के लिये दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सकती है। इससे हम वैश्विक दबाव से मुक्त होकर अपनी आपूर्ति शृंखला को मजबूत बना सकते हैं।

32-बिट क्षमता का अर्थ है कि यह माइक्रोप्रोसेसर अधिक व्यापक स्मृति का उपयोग कर सकता है और जटिल संगणकीय कार्यों को तीव्र गति से संपन्न कर सकता है। अंतरिक्ष अभियानों में जहाँ प्रत्येक क्षण और प्रत्येक संकेत का महत्व होता है, वहाँ इस प्रकार की क्षमता अत्यंत आवश्यक है।



**- ललित गर्ग**

# मजबूत संकल्प नेक इरादे ही सफलता की प्रथम कुंजी है-इन्द्र साव





ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** ग्राम रेंगाबोड़ में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन विधायक इन्द्र साव के मुख्य आतिथ्य एवं तहसील साहू समाज के अध्यक्ष रामनाथ साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।इस दौरान विधायक ने क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए खेल सामग्री एवं रामलीला मंडली के लिए वेशभूषा प्रदान करने की घोषणा किये।

विधायक श्री साव ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हम जिस भूमि पर खड़े है यहां भविष्य में एक भव्य भवन का निर्माण होने जा रहा है। भवन केवल ईट और पत्थरों से नहीं बनता, बल्कि उसमें शामिल होती है हमारी भावनाएं, हमारी मेहनत और समाज की उम्मीदे बंधी रहती है।उन्होंने आगे कहा कि यह भवन आने वाले समय में शिक्षा, सेवा, विकास और समाज की प्रगति का केन्द्र बनेगा। भूमिपूजन हमें यह भी याद दिलता है कि जैसे नींव मजबूत होती है वैसे ही हमारे संकल्प भी मजबूत होने चाहिए और मजबूत संकल्प नेक इरादे ही सफलता की प्रथम कुंजी है।विधायक श्री साव ने।क्रिकेट किट और रामलीला मंडली के लिए वेशभूषा देने की घोषणा की जिसका उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।इसके पूर्व विधायक इंद्र साव का ग्राम रेंगाबोड़ पहुंचने पर सरपंच,उपसरपंच सहित ग्रामीणों ने पारंपरिक रूप से फूल मालाओं से स्वागत किया।

इस अवसर पर रामनाथ साहू, नेतराम साहू,सरपंच उप सरपंच विक्की साहू, देवचरण साहू, दिवाकर मिश्रा, नितिन शुक्ला , पंच गण विमल साहू, धनपाल साहू, हरिराम यादव, रामावतार साहू, वीरेंद्र साहू, पुसऊ साहू, श्रवण साहू,बलराम साहू, सेवक साहू,प्रेमलाल साहू, शत्रुघन साहू,नूतन साहू, बेदराम साहू सहित महिला समूह के सभी सदस्य एवं काफी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

# नगर के मंदिरों में धूमधाम से मनाया गया राधा अष्टमी पर्व

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

थान खम्हरिया ।नगर के राधा कृष्ण जमात मंदिर वह अन्य मंदिरों में राधा अष्टमी के पावन अवसर पर राधा रानी के अवतरण दिवस के रूप में मनाया गया। जिससे मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। भजन कीर्तन का आयोजन राधा कृष्ण मानस मंडली के द्वारा किया गया। और राधा कृष्ण के विग्रह को फूलों से सजाया गया।





इस दिन को श्री राधा रानी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। भक्तों ने राधा रानी की पूजा अर्चना कर आरती की, एवं सभी को राधा अष्टमी की बधाई दी। महंत वसंत बिहारी दास ने भेंट वार्ता के दौरान बताया। भद्र पद महीना के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को राधा अष्टमी का पावन पर्व मनाया जाता है। यह दिन भगवान श्री कृष्ण के प्राणप्रिया राधा रानी के जन्म का प्रतीक है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन राधा रानी के पूजा करने से भगवान श्री कृष्णा भी खुश होते हैं। और भक्तों को उनकी विशेष कृपा मिलती है। और इस दिन विवाहित महिलाएं संतान सुख और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए व्रत रखती हैं। इस अवसर पर हर गोपाल शर्मा, पुरुषोत्तम अग्रवाल, बसंत बिहारी दास, नैतिक अग्रवाल के द्वारा बहुत ही सुंदर ढंग से भजनों की प्रस्तुति दी गई। वह इस मौके पर विष्णु जोशी, अनिल सिंघानिया, शिवेंद्र बिंदल, श्याम सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया, हरि अग्रवाल, कपिल सिंघानिया, गिरीश शर्मा, प्रमोद सिंघानिया उपस्थित थे।

# संकल्प- HEW अंतर्गत महिला केन्द्रित विषयों पर 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया






**बेमेतरा।** जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) महिला एवं बाल विकास विभाग, बेमेतरा (छ.ग.) के द्वारा भारत सरकार की योजना अंतर्गत संकल्प HEW अंतर्गत महिला केन्द्रित विषयों पर 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा, श्री चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास बेमेतरा के निर्देशानुसार एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री सी.पी.शर्मा के मार्गदर्शन में ''संकल्प HEW अंतर्गत महिला केन्द्रित विषयों पर 10 दिवसीय (02 सितम्बर 2025 से 12 सितम्बर 2025 तक) विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें महिलाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण को मजबूत करने के लिए विशेष अभियान के तहत आज परियोजना साजा सेक्टर परपोड़ी के ग्राम गाड़ाडीह में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विशेष अभियान के तहत 02 सितम्बर 2025 से 12 सितम्बर 2025 तक महिला एवं बाल विकास विभाग की समस्त योजनाओं और नीतियों पर क्षमता निर्माण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, लिंग संवेदीकरण, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा, कानूनी जागरूकता, उच्च शिक्षा, व्यवसायिक प्रशिक्षण और पहलों के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण, महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता, पॉक्सो अधिनियम के प्रति जागरूकता कार्यक्रम किया जायेगा।आज के कार्यक्रम शा.उ.मा.वि. गाड़ाडीह एवं आंगनबाड़ी केन्द्र गाड़ाडीह में महिलाओं एवं छात्राओं को छत्तीसगढ़ राज्य के पिछले 25 वर्षो के उपलब्धियों को बताया गया साथ ही संकल्प HEW अंतर्गत महिला केन्द्रित कानूनी अधिकारो के बारे में जानकारी दिया गया जिसमें घरेलू हिंसा, सखी वन स्टॉप सेंटर, भ्रुण हत्या, कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, बाल विवाह रोकथाम, विभागीय योजनाओं की जानकारी, गुड टच-बैड टच, बाल संरक्षण संबंधी, चाइल्ड लाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 आदि विषयों की जानकारी दी गई।

*उक्त कार्यक्रम में श्री व्योम श्रीवास्तव जिला बाल संरक्षण अधिकारी, श्रीमती सेवन्तिका साहू जेण्डर विशेषज्ञ, श्री राजेन्द्र चंद्रवंशी समन्वयक चाईल्ड हेल्प लाइन 1098, सखी वन स्टॉफ सेन्टर 181 केन्द्र प्रशासक श्रीमती रामेश्वरी साहू पैरालिगल वालेटियर, शा.उ.मा.वि. गाड़ाडीह के प्राचार्या श्रीमती सीमा श्रीवास्तव, स्कूल के समस्त शिक्षकगण एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका उपस्थित रहे।*

# नगर में विगत 50 वर्षों से चल रही साप्ताहिक रामायण

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** नगर में स्वामी अवधूतआनंद महाराज की प्रेरणा से विगत 50 वर्षों से निरंतर हर शनिवार को साप्ताहिक रामायण का आयोजन किया जा रहा है। बारी-बारी से नगर के विभिन्न घरों में होने वाला यह आयोजन रामभक्ति और परंपरा की अमूल्य धरोहर बन गया है। शनिवार को यह पावन कार्यक्रम पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उमा राजेश ठाकुर के निज निवास में संपन्न हुआ। रात्रि 8 से 10 बजे तक हुए आयोजन की शुरुआत श्रीराम भगवान की स्तुति से हुई, तत्पश्चात स्थानीय आचार्यों द्वारा चौपाइयों का पाठ और कथा का रसपान कराया गया। इस अवसर पर पं. ओमप्रकाश जोशी, रामेश्वर उपाध्याय, रामावतार मिश्रा और डॉ. आर.पी. शर्मा ने श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा सुनाकर भावविभोर कर दिया। कथा के समापन पर विधि-विधान से हवन एवं पूजन संपन्न हुआ। रामायण पाठ की यह परंपरा नगर में उत्साह और उल्लास का प्रतीक बन गई है। श्रद्धालु अपनी-अपनी पारी का बेसब्री से इंतजार करते हैं और अपने घर में कार्यक्रम को पूरे हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव से आयोजित करते हैं। इस अवसर पर डॉ. आर.पी. शर्मा ने भरत चरित्र का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भरत त्याग, धर्म, निष्ठा और अटूट भक्ति के प्रतीक हैं, जिन्होंने राजसुख का त्याग कर नंदीग्राम में कुटिया बनाकर तपस्वी जीवन व्यतीत किया। उन्होंने यह भी कहा कि भरत का चरित्र इतना निर्मल और शुद्ध है कि आज भी लोग अपने पुत्र का नाम श्रद्धा से भरत रखते हैं।रामायण पाठ की इस 50 वर्ष पुरानी परंपरा ने थानखम्हरिया नगर को धार्मिक आस्था और संस्कारों से जोड़े रखा है।

# ड्रग्स क्वीन नव्या मलिक पुलिस रिमांड पर



**रायपुर।** राजधानी की ड्रग्स क्वीन नव्या मलिक को पुलिस ने 4 सितंबर तक रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान अधिकारियों की टीम नव्या से लगातार पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक जांच में उसने शराब कारोबारी और उनके बेटे से अपना कनेक्शन कबूल लिया है। उसने उसे अपना दोस्त बताया है और उसके साथ पार्टी करना भी कबूल किया है। उसने उसके घर का इंटीरियर डिजाइन किया है। इसी दौरान उसकी दोस्ती हुई थी। नव्या कई बार विदेश भी गई है। उसने दुबई, सिंगापुर, तुर्की, थाईलैंड के अलावा मालदीव समेत कई देश जाना कबूल किया है।

पुलिस उसके विदेश यात्रा की भी जानकारी निकाल रही है। वह राज्य के बड़े शराब कारोबारी के साथ तुर्की गई थी। दोनों वहां तीन दिनों तक रहे। पुलिस को नव्या का एक मोबाइल मिला है। उसका दूसरा मोबाइल अब तक नहीं मिला है। वह रहने वाली रायपुर की है, लेकिन ज्यादातर समय मुंबई व दिल्ली में रहती थी। हर माह उसका मुंबई आना-जाना होता था। पुलिस ने नव्या के करीबी दोस्त मोतीनगर के अयान परवेज (30) को गिरफ्तार किया है। दोनों मिलकर ड्रग्स की तस्करी करते हैं। दोनों साथ में विदेश भी गए थे। अयान के मोबाइल की जांच की जा रही है। उसके मोबाइल पर लड़कियों के कई आपत्तिजनक वीडियो भी मिले हैं। इसमें तीन वीडियो नव्या का बताया जा रहा है, जिसे जांच के लिए लैब भेजा गया है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं अयान, नव्या को वीडियो के आड़ पर ब्लैकमेल तो नहीं कर रहा था? क्योंकि अयान के खाते में बड़ी रकम का ट्रांजेक्शन दिख रहा है।

# ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत महिला सरपंचों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

बेमेतरा। जिला पंचायत संसाधन केंद्र बेमेतरा में आज ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत नवनिर्वाचित महिला सरपंचों के लिए महिला मित्रक एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर दो दिवसीय आवश्यक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य महिला सरपंचों को ग्राम पंचायत संचालन में उनकी जिम्मेदारियों, शासन की योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन तथा महिला सशक्तिकरण की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करना है।

प्रशिक्षण शिविर में बेरला एवं नवागढ़ जनपद पंचायतों की महिला सरपंचों को आमंत्रित किया गया। उन्हें बताया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर किस प्रकार योजनाओं को लागू किया जाए तथा ग्रामीण विकास कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता कैसे सुनिश्चित की जाए।



प्रशिक्षण में जिला पंचायत संसाधन केंद्र के संकाय सदस्य उमाशंकर खंडे, नरेंद्र बंजारे, संगीता पांडे एवं स्वच्छ भारत मिशन सलाहकार द्वारा विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। विशेष रूप से ग्राम पंचायत में स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, एवं गांव को ओडीएफ प्लस से मॉडल गांव बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रेमलता पद्माकर के निर्देशानुसार आयोजित किया गया है। शिविर में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी उपसंचालक पंचायत हर्षलता वर्मा भी उपस्थित रहीं। उन्होंने महिला सरपंचों से संवाद करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए आवश्यक है कि प्रशिक्षण में बताई गई बातों को गंभीरता से अपनाकर उन्हें कार्यक्षेत्र में लागू किया जाए। साथ ही उन्होंने प्रतिभागियों से अपील की कि वे पंचायत संचालन में शासन के नियमों और दिशा-निर्देशों का पालन कर पारदर्शी प्रशासन सुनिश्चित करें।





इस अवसर पर महिला सरपंचों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताया और ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए अपने अनुभव साझा किए।

# मारवाड़ी गणेश उत्सव में जय मां शीतला सेवा मानस मंडली का आयोजन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया ।** मारवाड़ी गणेश उत्सव समिति द्वारा, जय मां शीतला सेवा एवं मानस मंडली का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति के सदस्यों के द्वारा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर भगवान गणेश को समर्पित सुंदर भजन प्रस्तुत किए गए।

शीतला समिति के प्रमुख हरिश्चंद्र साहू ने बताया कार्यक्रम की शुरुआत में गणेश वंदना इसलिए की जाती है। क्योंकि विष्णु भगवान ने गणेश जी को यह आशीर्वाद दिया था। कि वह सभी देवों में प्रथम पूजे जाएंगे। हर शुभ काम करने से पहले प्रथम उनकी पूजा अर्चना की जाएगी। नगर में गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। विभिन्न पंडालो में विघ्नहर्ता श्री गणेश जी विराजमान है। और उनके पूजन अर्चन दर्शन के लिए श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। अलग-अलग वार्डों में घूमते भजन कीर्तन और झांकियां की सुंदर सजावट लोगों को आकर्षित कर रही है। गणेश उत्सव में बच्चों और महिलाओं की विशेष भागीदारी है।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बाढ़ राहत कार्यों की समीक्षा की

# स्थिति सामान्य होने तक अधिकारियों को मुस्तैद रहकर जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश

## दंतेवाड़ा सहित सुकमा, बीजापुर और बस्तर जिलों के उच्चाधिकारियों की बैठक



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज दंतेवाड़ा जिले के प्रवास के दौरान जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष में बाढ़, आपदा एवं राहत कार्यों की समीक्षा की। इस बैठक में दंतेवाड़ा के अलावा बस्तर संभाग के सुकमा, बीजापुर और बस्तर जिलों के कलेक्टर एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री टंकराम वर्मा, वन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप, क्षेत्रीय विधायक श्री चैतराम अटामी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने विगत 26 एवं 27 अगस्त को हुई अतिवृष्टि से हुई हानि तथा प्रशासन द्वारा चलाए गए राहत कार्यों की जानकारी बैठक के माध्यम से ली। उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्राकृतिक आपदा के दौरान प्रशासनिक अमलों द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई, जो सराहनीय है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों से हुई चर्चा से यह स्पष्ट हुआ कि प्रशासनिक तत्परता एवं त्वरित कार्रवाई से वे संतुष्ट हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बीते माह आई इस प्राकृतिक आपदा और विभीषिका से जो जन-धन एवं अधोसंरचना की क्षति हुई है, वह अपूरणीय है। यह संतोष की बात है कि जिला प्रशासन द्वारा फौरी तौर पर बचाव एवं राहत कार्य के लिए कदम उठाए गए। साथ ही शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक दिन का वेतन दान स्वरूप दिया, जो अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर आई बाढ़ आपदा से चारों जिलों में 115 करोड़ रुपये की विभिन्न अधोसंरचनाओं को क्षति हुई है। इनकी मरम्मत के लिए राज्य शासन द्वारा हर संभव सहयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने गैर-शासकीय एवं



स्वैच्छिक संगठनों के कार्यों की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि चारों जिलों में स्थिति सामान्य होने तक राहत एवं स्वास्थ्य शिविर आवश्यकतानुसार जारी रखें। उन्होंने कहा कि प्रशासन निरंतर प्रभावितों के संपर्क में रहे और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सतत जारी रखे। इसके लिए लगातार कैंप लगाकर ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की जाए तथा उन्हें समसामयिक सलाह देते हुए आवश्यक दवाएं और स्वास्थ्य सेवाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टरों को राहत राशि अविलंब जारी करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान सचिव आपदा प्रबंधन श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने पशु-हानि पर दी जाने वाली मुआवजे की राशि के लिए नए निर्देशों के अनुसार आवंटन देने हेतु कलेक्टरों को निर्देशित किया। स्वास्थ्य विभाग की संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कहा कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार डोर-टू-डोर सर्वे कराया जाए। साथ ही स्वास्थ्य अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि इन क्षेत्रों में मलेरिया, टाइफाइड एवं जलजनित रोग पनपने न पाएं। उन्होंने पेयजल के सभी स्रोतों में क्लोरीनेशन कराने और उसका परीक्षण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

### तात्कालिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह ने निर्देशित किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित न होने पाए। इसके लिए कार्यपालन अभियंता तत्काल प्रस्ताव केंद्रीय कार्यालय को प्रेषित करें। साथ ही केशकाल में राष्ट्रीय राजमार्ग के सुधार कार्य हेतु तात्कालिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# राधा अष्टमी पर भारत माता चौक में हुई मां भारती की दिव्य आरती

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया ।** नगर के हृदय स्थल भारत माता चौक में भारत माता मंच के तत्वावधान में राधा अष्टमी के अवसर पर सामूहिक आरती का भव्य आयोजन किया गया। यह परंपरा पिछले दो वर्षों से नियमित रूप से प्रत्येक माह की अष्टमी को आयोजित की जा रही है, जो अब नगर की राष्ट्रीय आस्था और जनभावना का प्रतीक बन चुकी है।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण, शंख ध्वनि और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उपस्थित जनसमूह ने दीप रूप और कपूर के साथ मां भारती की आरती कर भारत माता को नमन किया। इस अवसर पर समिति द्वारा महिला स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता में कार्यरत महिलाओं को दुपट्टा और भारत माता की छायाचित्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

आयोजन में भवानीपटना (ओडिशा) से पधारे विजय अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल तथा वरिष्ठ पत्रकार अनिल सिंघानिया सहित नगर के गणमान्य नागरिक व वरिष्ठजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

पत्रकार अनिल सिंघानिया ने अपने उद्बोधन में कहा—

यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि राष्ट्र, नारी शक्ति और शहीदों के सम्मान का जीवंत प्रतीक है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज में राष्ट्रीय चेतना और सनातन संस्कृति के प्रति आस्था मजबूत होती है।

भारत माता मंच ने संदेश दिया कि संस्था आगे भी धर्म, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति की भावना के संवर्धन हेतु ऐसे आयोजन करती रहेगी। कार्यक्रम में महिला स्व-सहायता समूह की विशेष भागीदारी रही।

# बालको ने शिक्षकों को सम्मानित कर मनाया शिक्षक दिवस






**बालकोनगर। शिक्षक वे मार्गदर्शक होते हैं जो समाज का भविष्य गढ़ते हैं। शिक्षक दिवस के अवसर पर भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने उनके समर्पण और योगदान को सराहना की। बालको प्रबंधन ने टाउनशिप के विभिन्न विद्यालयों का दौरा कर शिक्षकों को व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद दिया। 'गुरु बिन ज्ञान न उपजे, गुरु बिन मिले न मोक्ष' भाव को जीवंत करते हुए बालको ने 400 से अधिक शिक्षकों का सम्मानित किया।**

इस अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल, बालको टाउनशिप स्कूल (बीटीएस), डीएवी, मिनीमाता, शासकीय कन्या विद्यालय, परसाभाठा, एमजीएम, बालसदन, शिक्षानिकेतन, चंद्रोदय, जीएस सेक्टर-5, स्वामी आत्मानंद तथा आदर्श मंदिर विद्यालयों का दौरा किया गया। प्रबंधन द्वारा शिक्षकों से संवाद किया गया और उनके अथक परिश्रम को सराहा। इस दौरान शिक्षकों को एक छोटा-सा उपहार भेंट कर उनके समर्पण और मेहनत को प्रणाम किया गया।

शिक्षकों ने हर्ष और आत्मीयता से आभार को स्वीकार किया। यह केवल एक सम्मान समारोह नहीं था, बल्कि कृतज्ञता और संबंधों का पल था, जिसने बालको और स्थानीय शैक्षिक समुदाय के बीच रिश्तों को और मजबूत किया। बालको की यह सार्थक पहल वास्तव में शिक्षक दिवस की भावना को प्रकट करती है और उन गुरुओं को सम्मान देती है जो अपना जीवन ज्ञान, संस्कार और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में समर्पित करते हैं।

बालको की यह पहल केवल शिक्षकों के प्रति सम्मान ही नहीं, बल्कि समाज के भविष्य निर्माण में उनकी भूमिका को मान्यता देने का भी प्रतीक है। कंपनी ने एक बार फिर सिद्ध किया कि वह औद्योगिक प्रगति के साथ-साथ सामाजिक और शैक्षिक विकास में भी निरंतर योगदान दे रही है।





# जलझूलनी एकादशी पर भगवान को कराया गया नौका विहार

थान खम्हरिया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी डोल एकादशी के अवसर पर राधा कृष्ण जमात मंदिर महंत बसंत बिहारी दास के सानिध्य में भगवान को नगर भ्रमण कराया गया। डोल ग्यारस, जल झूलनी ग्यारस पर भगवान को आसन में विराजमान कर, श्रद्धालुओं के द्वारा जगह-जगह भगवान का स्वागत किया गया। इस दौरान डोल में विराजे भगवान को स्नान करा कर विशेष पूजा अर्चना, जलाभिषेक किया गया।



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

इस दौरान भगवान को रास्ते में जगह-जगह लोगों ने आरती कर, दर्शन किए। इसके बाद भगवान को तालाब घाट पर पालकी को नौका में विराजमान कर भगवान का नौका विहार कराया गया। जिसे देखने आसपास के वार्ड वासी सैकड़ो की संख्या में शामिल हुए। इस मौके पर महंत बसंत बिहारी दास ने बताया, डोल एकादशी को जल झूलनी एकादशी भी कहा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के विग्रहों को जल स्रोतों तक ले जाकर जल विहार कराया जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु अपने शय्या पर करवट बदलते हैं। इस वजह से इस परिवर्तन एकादशी भी कहते हैं। इस एकादशी को पदमा एकादशी, जल झूलनि एकादशी और डोल ग्यारस के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन व्रत करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर पंडित ओमप्रकाश जोशी, रामावतार मिश्रा, अनिल सिंघानिया, गजराज सिंह राजपूत, देवेंद्र तिवारी, राज शर्मा, नंदकुमार वैष्णव, मुकेश सिंघानिया, श्यामा सिंघानिया, महेश शर्मा, गोविंद शर्मा, दुर्गा सिन्हा,रामेश्वर उपाध्याय उपस्थित थे।




# योग पीठ पतंजलि बाबा रामदेव के आश्रम पहुंचे राजकुमार निषाद

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

थान खम्हरिया। योग पीठ पतंजलि रामदेव बाबा द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर पारंपरिक भारतीय योग प्राणायाम और आयुर्वेद पर आधारित होते हैं। जिनका उद्देश्य लोगों को शारीरिक और मासिक स्वास्थ्य प्राप्त करने में मदद करना है।

भेंट वार्ता के दौरान क्षेत्रीय निषाद पार्टी अध्यक्ष राजकुमार निषाद ने बताया की हम भी अपने परिवार के साथ अपने स्वास्थ्य लाभ परीक्षण के लिए हरिद्वार रामदेव योग चिकित्सा शिविर में शामिल हुए। वहां के वातावरण व उच्चार से हमें शगुन मिला। हमने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। वहां आपके द्वारा बताया अनुलोम, विलोम योग और कपाल भारती, आसान दोनों ही रामदेव योग में शक्तिशाली तकनीके हैं। अनुलोम, विलोम मन को शांत करने, रक्तचाप को नियंत्रित करने और ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने में मदद करता है। जबकि कपालभाति पाचन को बढ़ावा देता है। विशापत पदार्थों को बाहर निकलता है। और पेट की मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। योग सभी उम्र के लोगों के लिए शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। यहां पर शरीर के संपूर्ण बीमारी का प्राकृतिक द्वारा इलाज होता है।

जैसे शिरोधारा बस्ती, नशे, पीड़ा, नील, मालिश, मिट्टी, पट्टी, आई वास, जल, नीति, ओजोन, थेरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, पंचकर्म, षट्कर्म, यज्ञ , चिकित्सा एनिमा और हर रोग के अनुसार योग का पैकेज क्या करना है। यहां पूरे देश भर के अलग-अलग राज्यों के साथ जापान, इंग्लैंड, अमेरिका, नेपाल ऐसे अनेक देशों के लोग पहुंचे हैं। और आस्था चैनल के माध्यम से लाखों लोग रोज इसका लाभ ले रहे हैं। यहां स्वस्थ आदमी अगर आते हैं, तो जीवन में कभी रोक नहीं होगा। अधिकतर लोग रोगी होने के बाद आते हैं।



# राष्ट्रीय खेल दिवस एवं फिट इंडिया मूवमेंट के तहत जिले में साइकिल रैली का आयोजन

## रस्साकशी, दौड़, कबड्डी जैसे विभिन्न खेलों की प्रतियोगिता में बालक/बालिकाओं ने दिखाया दमखम




ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**बेमेतरा। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती (29 अगस्त) के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस एवं फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत जिले में तीन दिवसीय खेल महोत्सव 29 से 31 अगस्त तक जिला मुख्यालय बेमेतरा में आयोजित किया गया। हर गली, हर मैदान, खेले सारा हिंदुस्तान की तर्ज पर हुए इस कार्यक्रम में रस्साकशी, दौड़, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, तीरंदाजी एवं शतरंज जैसे विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं।**

इसी क्रम में आज 31 अगस्त 2025 को मोर खेल-मोर गौरव थीम पर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिले के कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने हिस्सा लिया। साइकिल रैली को साजा एसडीएम श्रीमती पंकी मनहर एवं बेरला एसडीएम श्रीमती दीप्ति वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली परशुराम चौक से प्रारंभ होकर सिग्नल चौक, गस्ती चौक, प्रताप चौक होते हुए बेसिक स्कूल ग्राउंड परिसर में संपन्न हुई।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपयी, बेमेतरा एसडीएम श्री प्रकाश भारत द्वावाज, एसडीओपी श्री मनोज तिर्की, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, पार्षद नीतू कोठारी सहित जिले के सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, स्कूली बच्चे एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### साइकिल रैली और खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों का उत्साह

राष्ट्रीय खेल दिवस एवं फिट इंडिया मूवमेंट के तहत परशुराम चौक पर सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। बड़ी संख्या में खिलाड़ियों, युवाओं एवं स्कूली बच्चों ने भाग लिया।विशेष रूप से कक्षा दूसरी का ईशांत साहू साइकिल रैली का स्त्रोत बना। उनका आत्मविश्वास और उत्साह देखकर उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया।

### तीन दिवसीय खेल महोत्सव

29 से 31 अगस्त तक आयोजित इस खेल महोत्सव में रस्साकशी, दौड़, कबड्डी, खो-खो जैसे विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं हुईं। बालक/बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों और महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, स्वास्थ्य जागरूकता को प्रोत्साहित करना और छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना रहा। विजेता खिलाड़ियों को प्रथम, द्वितीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने कहा कि फिट इंडिया मूवमेंट केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह हमारी जीवनशैली का हिस्सा है। युवा ही देश का भविष्य हैं, और जब युवा खेलों व फिटनेस की ओर अग्रसर होंगे तो समाज और देश दोनों मजबूत बनेंगे। खेल व्यक्ति में अनुशासन, टीम भावना और धैर्य विकसित करते हैं, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की कुंजी हैं।

पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने कहा कि यह प्रतियोगिता बालक/बालिकाओं की भागीदारी समाज में समानता और आत्मनिर्भरता का संदेश देती है। इस प्रकार के आयोजनों से छुपी प्रतिभाओं को सामने आने का मौका मिलता है। जैसे पुलिस में अनुशासन और फिटनेस आवश्यक हैं, वैसे ही हर नागरिक को अपने जीवन में फिटनेस को प्राथमिकता देनी चाहिए।

अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपयी ने कहा कि

राष्ट्रीय खेल दिवस केवल खेलों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह टीम भावना, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देता है। युवाओं को चाहिए कि वे खेलों में सक्रिय भागीदारी कर जिले का नाम राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करें।

यह आयोजन साबित करता है कि

खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि भाईचारे, अनुशासन और सफलता की ओर प्रेरित करने का सशक्त साधन हैं।

*प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण कर किया गया सम्मानित।*

*आयोजन का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और खेल के साथ साइकिलिंग को जन-आंदोलन का रूप देना रहा।*

*खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि यह आपसी भाईचारे, अनुशासन और जीवन में सफलता की ओर करता है प्रेरित*

छोटे बच्चों से लेकर युवाओं तक की भागीदारी ने यह संदेश दिया कि खेलो और फिट रहो ही स्वस्थ समाज और सशक्त भारत की नींव है।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्कूली बच्चों को 'फिट इंडिया मूवमेंट' का शपथ दिलाया। उन्होंने कहा कि हम सभी संकल्प लें कि स्वास्थ्य और फिटनेस को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएँगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।



# सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा विषय पर जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न

## प्रथम टीम को 7000 रुपये का मिला नकद पुरस्कार

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**बेमेतरा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में शनिवार को सड़क सुरक्षाङ्कजीवन रक्षा विषय पर जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**



यह प्रतियोगिता कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के मार्गदर्शन तथा स्कूल शिक्षा विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिले के चारों विकासखंडों से चयनित टीमों ने भाग लिया। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बेरला एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेरला की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 7000 रुपये का पुरस्कार जीता। द्वितीय स्थान पर सेजेस सिंघौरी की टीम रही जिसे 5000 रुपये प्रदान किए गए, वहीं तृतीय स्थान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया (बेमेतरा) की टीम को मिला और उन्हें 3000 रुपये की राशि से पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त जेवरा (बेमेतरा), कुसमी, कंडरका (बेरला), केहका एवं परसबोड (साजा) की पाँच टीमों को 2000-2000 रुपये का सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। निर्णायक मंडल में जिला यातायात प्रभारी डीएसपी राजेश कुमार झा, समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी, नगर पालिका पार्षद नीतू कोठारी, सेजेस बेरला एवं बेमेतरा की प्राचार्य अर्चना साव तथा सुदेशा चटर्जी शामिल रहीं। जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विद्यार्थियों के विचार प्रेरणादायी हैं। डीएसपी राजेश झा ने अपने उद्बोधन में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम पर बल दिया और कहा कि शराब पीकर, अधिक गति से, बिना हेलमेट या बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना कभी स्वीकार्य नहीं हो सकता। उन्होंने विद्यार्थियों के अभिव्यक्ति कौशल को जीवन में सफलता का प्रमुख सूत्र बताया।



# सेम्हराडीह में सामुदायिक भवन का विधायक इन्द्र साव ने किया भूमिपूजन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** ब्लाक के ग्राम-सेम्हराडीह में आदिवासी समाज के सामुदायिक भवन का विधायक इन्द्र साव ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर श्री साव ने समाज के लोगो को बधाई देते हुए कहा कि इस सामुदायिक भवन के बनने से इसका लाभ समाज के लोगो को शादी-विवाह, धार्मिक आयोजनों सहित अन्य सामाजिक समारोहों के लिए मिलने लगेगा। विधायक इंद्र साव ने कहा कि आदिवासी समाज में एकता और जागरूकता बढ़ रही है और सभी समाज को अपने इतिहास जानना जरूरी है। इस समाज में अनेक वीर योद्धा व बलिदानी हुए हैं जिन्होने समाज व देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिया। शहीद वीर नारयण सिंह, गुंडाधुर, रानी दुर्गावती, भगवान बिरसा मुंडा प्रमुख गौरव हैं।श्री साव ने आगे कहा कि कोई भी समाज तभी आगे बढ़ता है जब वह अपनी संस्कृति व धरोहर को आगे बढ़ाता है ऐसा कोई प्रान्त नहीं जहाँ इस आदिवासी समाज के वीर अपने प्राणों की आहुति न दी हो। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि संस्कृति और धरोहर के संरक्षण के साथ ही बेटा और बेटियों की शिक्षा भी जरूरी है क्योंकि शिक्षा ही किसी व्यक्ति समाज को आगे ले जाने का सशक्त माध्यम है। इस दौरान विधायक ने ग्राम वासियों की अन्य मांगों पर भी सहानुभूति पूर्वक पूर्ण करने का आश्वासन दिया। इस



अवसर पर क्षेत्र के कार्यकर्तागण व सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी, ऋषिलक्ष्मण ध्रुव सरपंच, जुडावन ध्रुव, मोतीलाल मंडावी थुकेल ध्रुव,राम ध्रुव,, गंगु राम ध्रुव, गौरीशंकर ध्रुव, रमाशंकर ध्रुव, अमरनाथ ध्रुव, लक्षमण ध्रुव, बुधराम ध्रुव, नरेश नेताम सरपंच निपनिया, बालाराम मरकाम, रामस्वरूप ध्रुव, सत्यजीत शेंडे, खेमीन ध्रुव सहित काफी संख्या में सामाजिक और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# गणित एवं बायोलॉजी से 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रवेश पा सकेंगे डेयरी टेक्नोलॉजी डिप्लोमा कोर्स में

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**बेमेतरा।** छ.ग. शासन एवं दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनू विश्वविद्यालय द्वारा ग्राम चोरभट्टी में गत् चार वर्षों से संचालित शासकीय डेयरी पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में कक्षा 12वीं में गणित एवं बायोलॉजी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को 12वीं अंको के मेरिट के आधार पर प्रवेश प्रदान किये जाने की अनुमति प्रदान की गई हैं।

यह निर्णय जिले के उन विद्यार्थी के भविष्य को लेकर किया गया है जिनके पास गणित एवं बायोलॉजी विषय से 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण करने पश्चात् तकनीकी शिक्षा के समुचित विकल्प उपलब्ध नहीं होते।

उल्लेखनीय है कि चोरभट्टी स्थित डेयरी पॉलीटेक्निक के द्विवर्षीय (चार सेमेस्टर) पाठ्यक्रम में देश एवं प्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे डेयरी उद्योग के लिये सक्षम युवाओं को तैयार करने के उद्देश्य से तकनीकी शिक्षा प्रदान की जाती है, एवं महाविद्यालय से उत्तीर्ण सभी छात्राओं के लिये नौकरी एवं व्यवसाय के बहुविकल्प उपलब्ध रहते है, जिससे एक ओर जिले एवं प्रदेश के विद्यार्थियों को रोजगार आसानी से उपलब्ध होता है, तथा दूसरी ओर प्रदेश में स्थापित शासकीय, अर्धशासकीय एवं निजी डेयरी संस्थाओं की अन्य प्रदेशों के सक्षम युवाओं पर निर्भरता कम होती है, एवं उक्त कोर्स को करने के पश्चात् दूध एवं दुग्ध उत्पाद निर्माण से स्वरोजगार प्रारंभ कर सकते है, इस कोर्स में उत्तीर्ण विद्यार्थी वर्तमान मे निजी सस्थानों में कार्यरत है।

अभी संस्थान में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ है और 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों का विशेष रूप से गणित एवं बॉयोलॉजी विषय के विद्यार्थियों के लिये डेयरी सेक्टर में अपना भविष्य सुनिश्चित करने का यह सुनहरा अवसर है।

प्रवेश प्रक्रिया हेतु चोरभट्टी स्थित डेयरी पॉलीटेक्निक या विस्तृत जानकारी हेतु मोबाइल न 5964844803 9340291259, 7000231858, 7000240762 9098360150 पर संपर्क किया जा सकता है।

# आगामी नेशनल लोक अदालत की तैयारी के संबंध में बैठक कर की गई चर्चा

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**बेमेतरा।** 13 सितम्बर 2025 नेशनल लोक अदालत के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु वृजेन्द्र कुमार शास्त्री, प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा की अध्यक्षता में समस्त न्यायाधीशगण के साथ बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में प्रधान न्यायाधीश द्वारा उपस्थित न्यायाधीशगण को अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों के मध्य प्री-सिटिंग करा कर आपसी सुलह समझौते से प्रकरणों को निराकरण करने हेतु प्रोत्साहित किया एवं पूर्व में चिन्हांकित प्रकरणों के अतिरिक्त अन्य और राजीनामा प्रकरणों में अधिक से अधिक पक्षकारों के साथ प्री-सिटिंग करने हेतु चर्चा की गई। राजीनामा योग्य प्रकरणों में विशेष कर धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम प्रकरण एवं दांडिक प्रकरणों में पीड़ित पक्षकार के साथ प्री-सिटिंग कर प्रकरण को आपसी सुलह समझौते से शांतिपूर्ण निपटारे हेतु प्रेरित किया। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकरण के लिए राजीनामा योग्य अपराधिक प्रकरणों, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों, बैंक रिकव्हरी प्रकरण, सिविल प्रकरणों, पारिवारिक प्रकरणों का निराकरण किया जाना हैं। पूर्व के नेशनल लोक अदालत की भांति इस बार भी अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जाना है। उक्त बैठक में उपस्थित समस्त न्यायाधीशगण के साथ चर्चा की गई।

## ओम अग्रवाल का निधन



**थान खमरिया।** नगर के प्रमुख व्यावसायिक ओम अग्रवाल का 65 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया, उनके खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई, विगत 2 मांह से अस्वस्थ चल रहे थे जिनका दाह संस्कार मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया सामाजिक लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की अपने पीछे पुत्र पवन अग्रवाल एवं पुत्री पूजा अग्रवाल प्रीति अग्रवाल को छोड़कर गए हैं अंतिम यात्रा में नगर के समाजसेवी पत्रकार और गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## रायपुर में पाकिस्तानी हेरोइन सप्लायर चांद-गुरु पकड़ाए




**रायपुर।** रायपुर में हेरोइन और MDMA बेचने वाले आरोपियों पर पुलिस लगातार एक्शन ले रही है। पाकिस्तान की हेरोइन रायपुर में सप्लाई करने वाले मेन सप्लायर अमृतसर निवासी चरणजीत सिंह उर्फ चांद और गुरजीत सिंह उर्फ गुरुजी समेत 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चांद-गुरु को कबीर नगर और अयान को गंज थाना इलाके से गिरफ्तार किया गया है।

अब तक 28 आरोपी अरेस्ट हो चुके हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। इसी तरह से MDMA सप्लाई करने वाले सिंडिकेट से जुड़े अयान परवेज को भी पुलिस ने पकड़ा है। आरोपियों के सिंडिकेट से जुड़े बाकी सदस्यों की भी तलाश की जा रही है। बता दें कि, ड्रोन से पाकिस्तान से ड्रग्स बॉर्डर पार करवाते थे।

### पहले गिरफ्तार आरोपियों के पास क्या-क्या मिला

*इससे पहले, गिरफ्तार आरोपियों पास से हेरोइन, MDMA, एक कार, मोबाइल, तौल मशीन, एक पिस्टल और 82 कारतूस बरामद किया जा चुका है। आरोपियों से संपर्क रखने वाले कारोबारियों, राजनेता और अधिकारियों की जानकारी पुलिस जुटा रही है।*

## विधायक इन्द्र साव ने धारणी साहू को NEET परीक्षा उत्तीर्ण करने पर दी बधाई एवं शुभकामनाएं



***भाटापारा।*** *विधायक इन्द्र साव ने धारणी साहू पिता मुकेश साहू, को NEET परीक्षा उत्तीर्ण होने पर निवास हथनीपारा वार्ड, भाटापारा जा कर दी बधाई। विधायक इन्द्र साव ने कहां संघर्ष प्रकृति का आमंत्रण है, जो स्वीकार करता है वहीं आगे बढ़ता है, जीवन संघर्षो से भरा एक सफर है, धारणी साहू ने अनवरत कड़ी मेहनत, धैर्य और दृढ़ संकल्प से गर्वित करने वाली सफलता का परचम लहराया है साथ ही अपने परिवार और क्षेत्र नाम रौशन किया है। आपके उज्वल भविष्य का कामना करता हूॅ। इस अवसर पर सुकृत साहू, गिरिजाशंकर साव, राजू साहू, सालिक राम साहू भुनेश्वर साहू, नम्रता साहू सहित पूरा परिवार उपस्थित रहे।*

# उद्योगों में स्थानीय भागीदारी की चुनौतियां

## (30 अगस्त राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस पर विशेष)

छत्तीसगढ़ में एक नया बदलाव आते नजर आ रहा है इसी के साथ स्थानीय लोग हर ओर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते दिख पड़ रहें हैं। 30 अगस्त को लघु उद्योग दिवस सन् 2000 से ही मनाया जा रहा है। भारत का छत्तीसगढ़ जहाँ खेती अब भी जीवन का मूल आधार है, लघु उद्योग प्राणवायु की तरह हैं। खासतौर पर कृषि और उससे जुड़े उत्पादों के प्रसंस्करण, भंडारण, पैकेजिंग, परिवहन, विपणन और निर्यात से संबंधित उद्योगों की संभावना सबसे अधिक है। यहां स्थानीय लोगों को इसकी भागीदारी सरकार सुनिश्चित कर सकती है।




अखिल भारतीय किसान महासंघ 'आईफा' के राष्ट्रीय संयोजक हैं।

चीन तथा अमेरिका के आर्थिक मॉडल की नकल में एक ओर तो हम 'सेज' यानी स्पेशल इकोनामिक जोन और 'एज' यानी एग्रो एक्सपोर्ट जोन आदि भारी-भरकम औद्योगिक क्लस्टर स्थापित करने की मृग मरीचिका में भटकते रहे। जिस से स्थानीय लोगों की भागीदारी ख़त्म होती चली गई। अब हालात यहां तक आ पहुंचे हैं कि लघु-उद्योग लगाने की बात तो छोड़िए 'लघु उद्योग-दिवस' मनाने की औपचारिकता भी लगभग भूल गए हैं। फिर भी कोई नवउद्यमी गलती से अगर अपने गांव कस्बे में कोई लघु उद्योग लगाना चाहता है तब शुरू होती है असली राम-कहानी।

2024 के नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक,इस घनघोर उपेक्षा के बावजूद देश के माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज क्षेत्र का भारत की जीडीपी में योगदान लगभग 30 फीसदी है, जबकि कुल निर्यात में यह हिस्सेदारी 43 फीसदी तक पहुँचती है। रोजगार सृजन में भी यह क्षेत्र अहम है। देश के कुल रोजगार का लगभग 110 मिलियन यहीं से आता है। चीन, वियतनाम जैसे देशों में यह योगदान भारत से कहीं अधिक है, जो बताता है कि हमारे सामने अवसर भी हैं और चुनौतियाँ भी।

छत्तीसगढ़ ने अपनी औद्योगिक नीति 2024-29 में स्पष्ट किया है कि वह फूड प्रोसेसिंग, वुड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। नीति में भूमि आवंटन, बिजली दरों में रियायत, ब्याज अनुदान, स्टार्टअप पैकेज जैसी कई सुविधाओं की बात कही गई है। दशकों पहले उद्योग लगाने के लिए कभी सिंगल विंडो की भी बात हुई थी,, जो अब शायद सेवन-विंडो में बदल गई है। कागज़ पर लिखी नीतियों और ज़मीनी हकीकत के बीच गहरी खाई है।

केंद्र सरकार की नीति है कि 'थर्मल पावर यूनिटें' कम से कम पाँच प्रतिशत बायोमास जैसे लकड़ी या ब्रिकेट्स का उपयोग करें। प्रसंस्करण करने यह लकड़ी फर्नीचर के काम भी आ सकती है। इसके लिए भारत हर साल 35-40 हज़ार करोड़ रुपये की लकड़ी और टिंबर आयात करता है। यानी ऐसे उद्योग न सिर्फ़ आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ बन सकते हैं, बल्कि बहुमूल्य विदेशी मुद्रा भी बचा सकते हैं। शायद इसीलिए छत्तीसगढ़ सरकार ने नई औद्योगिक नीति में लकड़ी आधारित उद्योगों को बस्तर में प्राथमिकता श्रेणी में रखा। पर असली मज़ा तो यहीं से शुरू होता है।

बस्तर के कुछ नवउद्यमी किसानों ने तय किया कि अपने आकेशिया प्लांटेशन फसल के प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन के लिए जगदलपुर के पास अपने खेतों पर एक छोटी सी इकाई डालेंगे। इससे इन्हें तथा इनके साथ जुड़े आकेशिया रोपण करने वाले अन्य किसानों को भी लाभ होगा, गांव के लोगों को रोजगार भी मिलेगा। काम की शुरुआत हुई, प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनवाई। क्योंकि सरकार अनुदान देने का दावा भी करती है। रिपोर्ट बनकर बैंक पहुँची, तो वहाँ से फरमान आया। ज़मीन कृषि भूमि है, पहले डायवर्ज़न कराइए।

डायवर्ज़न के लिए राजस्व विभाग पहुँचे, तो उन्होंने कहा डायवर्सन तो हम करेंगे, पर पहले जरूरी विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेकर लाओ।

सबसे पहले ग्राम पंचायत की सहमति, दूसरा बिजली विभाग की सहमति, तीसरा टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की सहमति, चौथा राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की सहमति, पांचवां वन विभाग की सहमति, छठवां जिला उद्योग केंद्र में प्रोजेक्ट का पंजीयन,सातवा़ बैंक का एलओआई भी लगेगा जिससे आगे अनुदान मिलेगा। सबसे पहले तो शुरुआत में हर विभाग कहता है कि आप पहले बाकी विभागों से अनापत्ति लेकर आइए।जैसे कि, बिजली विभाग अगर कहे कि पहले आप 'जिला उद्योग केंद्र' में प्रोजेक्ट का पंजीयन करा कर लाइए और जब आप 'जिला उद्योग केंद्र' में रजिस्ट्रेशन के लिए जाएं तो वो कहें कि पहले आप हमें बिजली विभाग की अनापत्ति पत्र दिखाइए तो पंजीयन होगा। यानी पहले मुर्गी या पहले अंडा? ऐसे में बेचारा नवउद्यमी क्या करे?

ग्राम पंचायत की अनापत्ति में चुनावी मनमुटाव के चलते पंचायत की राजनीति हावी हो गई। जहां कुटीर उद्योग और ग्रामीण विकास कहीं गुम हो गया। ग्राम पंचायत ने अपना अनापत्ति दे दी तो फिर बिजली विभाग आता है।

बिजली विभाग तीन महीनों सर्वे करते रहते हैं। फिर महीने में ट्रांसफार्मर के लिए तथा लाइन के लिए टेंडर निकलेगा। बिजली और ट्रांसफार्मर लगवाने पर्याप्त सुविधा शुल्क देने के बावजूद कनेक्शन लेना कठिन है।

वन-विभाग की भी एनओसी चाहिए। जो राष्ट्र हित और पर्यावरण संतुलन के लिए जरूरी है। फिर भी महीनों तक फ़ाइल अटकी रहती है।

एक बात समझ से परे है कि किसान खुद की जमीन पर खुद मेहनत कर पेड़ लगाता है तो उसको काटने तथा परिवहन के लिए हमें एसडीएम , तहसीलदार, पटवारी, फॉरेस्ट गार्ड, डिप्टी रेंजर, रेंजर डीएफओ तक चक्कर क्यों लगवाया जाता है।

छत्तीसगढ़ का किसान पेड़ लगाने इस लिए ही कतराता है।

उद्योग लगाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की एनओसी के बहुत सारे नियम हैं

परियोजना स्थल हाईवे से 15 किमी दूर, आसपास गाँव है तो फिर उस गांव की भी अनुमति तो लेनी पड़ेगी।

सबसे बड़ी कठिन समस्या आती है 'टाउन एंड कंट्री प्लानिंग' की एनओसी हासिल करने की। जहां इकाई लग रही है वहां न कोई टाउन है ना आने वाले बीसों साल तक किसी टाउन की प्लानिंग नहीं होनी चाहिए। स्पष्ट है कि लोकेशन शहर से 15 किलोमीटर दूर है, गांव तथा मोहल्ले भी दूर-दूर तक नहीं है। आसपास कोई रिहाइश या घर भी नहीं हो। जहां छोटी-मोटी सुविधा शुल्क से काम नहीं चलता नहीं तो नियम कायदे अड़ंगा बन जाते हैं।

अंतिम स्वनाम-धन्य राजस्व-विभाग का सबसे पावरफुल अधिकारी जिला कलेक्टर होते हैं। कलेक्टर साहब से समय लेकर मिल सकते हैं पर पटवारी और तहसीलदार साहब से मिलना कठिन होता है। सुविधा शुल्क के बावजूद महीनों लटकाते है और का करके अहसान करते हैं।

किसी भी छोटे-मोटे उद्योग को लगाने में आठड्ढस महीने का चक्कर लगाना पड़ता है । कितने ही नवउद्यमी निराश होकर उद्योग लगाने का विचार ही छोड़ देते होंगे।

अगर छोटे शहर गांव का कोई नवउद्यमी अपने गांव में सचमुच में कोई 'लघु-उद्योग' लगाना चाहता है तो ज़मीन का इंतज़ाम, पूंजी का इंतज़ाम, सात विभागों के तिलिस्म को तोड़कर सफलता पूर्वक उद्योग लगा लेता है तो वह अभिमन्यु के चक्रव्यूह भेदने से कम नहीं होता है।

सरकार राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय इन्वेस्टर मीट आयोजित करती है। देश-विदेश के उद्योगपतियों के लिए लाल कालीन बिछाया जाता है।मुख्यमंत्री और मंत्रीगण बड़े-बड़े उद्योगपतियों से मिलते हैं, उन्हें तमाम तरह की सुविधा देने का वादा करके, समझौते साइन करते हैं। पर शायद ही कभी यह सोचते होंगे कि गांव तहसील स्तर पर एक छोटा सा उद्योग लगाने को इच्छुक एक छोटे उद्यमी को किन परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है।

छत्तीसगढ़ सरकार हर ओर आमूल चूल परिवर्तन कर रही है। छत्तीसगढ़ के लोगों को बढ़ावा देने के लिए जरूरी क़दम भी उठा रही है जिसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। छत्तीसगढ़ में स्थानीय लोगों के छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार सिंगल विंडो प्रणाली को मूर्तरूप प्रदान करे तो यह बेहतरीन पहल होगी। जिसके चलते स्थानीय लोगों को की आय बढ़ेगी और समग्र ग्रामीण विकास भी मार्ग प्रशस्त होगा।

**डॉ. राजाराम त्रिपाठी**
अखिल भारतीय किसान महासंघ
आईफा के राष्ट्रीय संयोजक

# "शिक्षक" केवल ज्ञान देने वाला ही नहीं बल्कि बच्चों के चरित्र निर्माण, संस्कार और जीवन मूल्यों का आधार होता है -इन्द्र साव

## गुरू बिना ज्ञान नहीं और ज्ञान के बिना जीवन नहीं - विधायक इन्द्र साव

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





### शिक्षक दिवस पर विधायक इन्द्र साव ने गुरूजनों का किया सम्मान

**भाटापारा।** शिक्षक दिवस के अवसर छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के तत्वावधान में, स्व. के.आर.साव की स्मृति में स्थानीय नगर भवन में शिक्षक सम्मान समारोह का वृहत आयोजन किया गया समारोह के मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र साव, अध्यक्षता पूर्व विधायक नरेन्द्र शर्मा एवं विशेष अतिथि ईश्वर सिंह ठाकुर, जी.डी. मानिकपुरी, सुधेराम वर्मा, सुकृत साहू थे। कार्यक्रम का आरंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं स्व.के.आर. साव के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर, पूजा अर्चना से हुई। इस अवसर पर अरपा पैरी के धार राज्य गीत आर.पी. पटेल के मधुर स्वर में प्रस्तुत किया गया। अतिथियों द्वारा लगभग 200 शिक्षक एवं पेंशनरों का साल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक इन्द्र साव ने कहा शिक्षकों के बीच अपने आपको पाकर मैं हमेशा गौरवान्वित महसूस करता हूँ, मैं सभी शिक्षकों को नमन करता हूँ, जिन्होंने सम्पूर्ण जीवन विद्यार्थियों के निर्माण और समाज की सेवा में समर्पित कर दिया। हम सब जानते है कि 5 सितंबर का दिन भारत के द्वितीय राष्ट्रपति और महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती के रूप में मनाया जाता है। उनका मानना था कि "शिक्षक" केवल ज्ञान देने वाला ही नहीं बल्कि बच्चों के चरित्र निर्माण, संस्कार और जीवन मूल्यों का आधार होता है।

उन्होंने आगे कहा आज इस समारोह में जिनका सम्मान किया जा रहा है वास्तव में उनका योगदान शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। शिक्षक वह दीपक है जो स्वयं जलकर भी समाज को रोशनी देता है वह विद्यार्थी को केवल पाठ्यपुस्तक का ज्ञान ही नहीं बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाता है। अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक नरेन्द्र शर्मा ने कहां गुरूजनों का आशीर्वाद हमारा संबल है, शिक्षक अपनी समस्याओं को नजर अंदाज कर हमें जीवन जीने की कला सिखता है।

कार्यक्रम को जी.डी. मानिकपुरी एवं आशा राम अनंत ने भी संबोधित किया एवं कार्यक्रम का संचालन पेंशनर संघ अध्यक्ष आर.पी. पटेल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रकाश जाधव, दिलीप सिंह बिसेन, राधेचरण शुक्ला, पी.डी.शर्मा, एस.के. नायक, डी.पी. साहू, कमल यदु, अशोक पंत, परेटन साहू, एम.के. कुलदीप, सालिक राम साहू, संतराम साव, रमेश वर्मा, प्रकाश तिवारी, दिनेश शर्मा, जीतू ठाकुर, जीतू शर्मा, धनंजय तिवारी, मुकेश साहू, विक्की ठाकुर, शेषनारायण यदु, ओमप्रकाश यदु, आशीष वर्मा, गिरधारी लाल वर्मा, भगवती ध्रुव, गौरीशंकर शर्मा, सुरेश यदु, किरित वर्मा, प्रमिला साहू, हिरमत साहू, लक्ष्मी पाण्डेय, सतरूपा वर्मा, दानी भाट, पूर्णिमा निषाद, वीणा साहू, इन्द्राणी साहू, अमित साहू, सहित भारी संख्या में शिक्षक, शिक्षिका एवं पेंशनर उपस्थित थे।

## विधायक के आवास पर गणेश उत्सव पूजा भजन कीर्तन का आयोजन



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया।** विधायक साजा ईश्वर साहू के आवास पर गणेश महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम स्थल को रंग-बिरंगे लाइटों से सजाया गया। भगवान गणेश के साथ अन्य देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित कर, भव्य दरबार के रूप में दिया गया। विधायक निवास में प्रतिदिन ग्रामीण अंचल की मानस मंडली द्वारा भजन की प्रस्तुति दी जा रही है। समीप ग्राम पतोरा जय हिंगलाज एवं जगराता ग्रुप के प्रमुख भरत साहू की टीम के द्वारा गणेश वंदना, भक्तिमय गीतों, भजन - कीर्तन, जयकारों से गूंज उठा। विधायक ने कहा, गणेश चतुर्थी का पर्व आस्था, एकता और समाज को जोड़ने का संदेश देता है। प्रतिदिन सुबह आरती और शाम को संकीर्तन के साथ आयोजन होता है। अंतिम दिन 6 सितंबर को विशाल हवन एवं महाआरती, प्रसादी के साथ इस महोत्सव का समापन किया जाएगा। विधायक ने क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि की कामना की। सनातन संस्कृति के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में ग्रामीण कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई।

## धूमधाम से मनाई गई भगवान वामन की जयंती

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया





**थान खमरिया।** राधा कृष्ण जमात मंदिर में भगवान बामन की जयंती धूमधाम से श्रद्धालुओं ने भजन, कीर्तन के साथ उत्सव मनाया गया। भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो गए। पश्चात भगवान की आरती की गई। प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर महंत वसंत बिहारी दास ने कहा, सब ब्राह्मणों को वामन भगवान के आदर्श व्यक्तित्व को अपने जीवन में आत्मसात करने का प्रयास करना चाहिए। हम सबको सदैव वामन भगवान की तरह समाज के उद्धार के लिए, कार्य करना चाहिए। आगे आपने बताया वामन भगवान के जन्मोत्सव का उपवास रखने और पूजा करने, से जन्म जन्मांतर के पापों का नाश होता है। भगवान लक्ष्मी नारायण के चरणों की भक्ति की प्राप्ति होती है। 12:00 बजे ही मंदिर के घंटों की ध्वनि गूंजी, भक्तों ने वामन भगवान के जयकारे से पूरा वातावरण भक्ति मय बना दिया। भगवान के दर्शन के लिए श्रद्धालु बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। और पट खुलते ही भगवान की आरती और वंदना कि गई। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पं.ओम प्रकाश जोशी, अनिल सिंघानिया, गोपाल कागलिवाल, हितेश अग्रवाल, चेतन अग्रवाल, मुकेश सिंघानिया, श्यामा सिंघानिया, प्रमोद सिंघानिया, अनूप सिंघानिया, विकास बंसल, शिवेंद बिंदल, कपिल सिंघानिया, नैतिक अग्रवाल उपस्थित थे।

## लोग समस्त पापों का जन्मदाता है..... सुमन लता मोदी

# हम लोभ के कारण अपने स्वर्णिम मानव जीवन को गंवा रहे हैं- सुमन लता मोदी

ब्यूरो चीफ संतोष साहू द्वारा



**भाटापारा।** श्री आदिनाथ नवग्रह पंच बाल्याती दिगंबर जैन मंदिर में पर्युषण पर्व का चौथा दिवस धूमधाम से मनाया गया। आज उत्तम शौच धर्म है सर्वप्रथम श्री पुष्पदंत नाथ भगवान की प्रतिमा मस्तक पर विराजमान कर आर्नव मोदी ने पाण्डुक शिला में विराजमान की, उसके बाद मंगल अभिषेक प्रारंभ हुआ, आज की शांति धारा का सौभाग्य राहुल रियान जैन राजनांदगांव परिवार एवं आर्नव मोदी परिवार को प्राप्त हुआ। शांति धारा के पश्चात भगवान की मंगल आरती की गई सुरपति ले अपने शीश जगत के, ईस गए गिरी राजाकी धुन पर सभी ने भक्ति भाव से नृत्य करते हुए भगवान की मंगल आरती संपन्न की. आरती के पश्चात श्री जी की प्रतिमा बेदी पर विराजमान की गई और पर्यूषण पर्व की पूजा प्रारंभ हुई*सर्वप्रथम देव शास्त्र गुरु की पूजा, भगवान आदिनाथ की पूजा, श्री 1008 पुष्पदंत नाथ भगवान की पूजा,24 तीर्थंकर का अर्घ , सोलह कारण पूजा , पंचमेरू पूजा,दशलक्षण पूजा, स्वयंभू स्तोत्र, संगीत के साथ भक्ति के साथ संपन्न की गई। आज की धर्म सभा को संबोधित करते हुए सुमन लता मोदी ने बतलाय धर्म का तीसरा लक्षण उत्तम शौच धर्म है। शौच धर्म का अर्थ स्वच्छता, निर्मलता, उज्जवलता है। जिस प्रकार क्षमा धर्म का विरोधी क्रोध है , मार्दव धर्म का विरोधी मान है , आर्जव धर्म का विरोधी माया है इसी प्रकार इस शौच धर्म का विरोधी लोभ है, लोभ समस्त पापों का जन्मदाता है धन का लोभ,यश का लोभ ,परिग्रह संचय का लोभ पद का लोभ आदि जो समस्त प्रकार के लोभ से दूर रहता है ,वह पवित्र हृदय वाला व्यक्ति माना जाता है। जिसका मन पवित्र हो गया। उसका जीवन भी पवित्र हो जाएगा। और जिसका मन अपवित्र हो गया, उसका जीवन भी अपवित्र हो जाएगा। संसार का हर प्राणी सुख चाहता है, पर सच्चा निराकुल सुख किसे कहते हैं, वह जानता नहीं है ,और मन की इच्छाओं को पूरा करके सुखी होने का प्रयास करता है ।व्यक्ति अपनी इच्छाओं को जितना जितना पूरी करता है वह उतनी ,उतनी और बढ़ती चली जाती है, लोग की यह तासीर है कि जितना लाभ बढ़ता जाता है उतना लोभ भी बढ़ता चला जाता है। लोभ के कारण ही संसार के सभी प्राणी दुखी है। श्रीमती सुमन लता मोदी ने आगे



बतलाया बंधन और मुक्ति दोनों का मूल कारण मन है। आचार्य कहते हैं तुम यदि सुखी रहना चाहते हो तो अपनी इच्छाओं को कम करो,और हर हाल में संतुष्ट रहने का प्रयास करो। सभी लोग धन संग्रह से ही धन्य हो रहे हैं। बाप बड़ा ना भैया, सबसे बड़ा रुपैया बस उसी की कमाई में दिन-रात लगे हैं ,और धर्म को भूले हुए हैं हम लोभ के कारण अपने स्वर्णिम मानव जीवन को गंवा रहे हैं। जिस आत्मा में परमात्मा बनने की शक्ति है, पतित से पावन बनने की क्षमता है ,वही आत्मा लोभ लिप्स के कारण संसार में रूल रहा है। संसार में सभी व्यक्ति दुखी हैं, वे सदा सुख की तलाश करते हैं। जन्म से लेकर मृत्यु तक व्यक्ति सुख की तलाश करता है। दुनिया में सुख के लिए भाग दौड़, प्रतिस्पर्धा ,पढ़ना, स्कूल जाना, मेहनत करना ,मजदूरी करना, फैक्ट्री लगाना, आदि कार्य करता है और सोचता है खूब धन कमा लूं ,सुखी हो जाऊंगा ,बहुत सी जमीन जायदाद खरीदता है ,मैं सुखी हो जाऊंगा । पर ध्यान रखना निराकूलता के बिना सच्चा कारण सुख नहीं हो सकता।

*जिसके मन में अधिक अधिक पाने की चाह होती है ,उस व्यक्ति का जीवन कांटों से भरा होता है। उसे कभी सुख नहीं मिल सकता। सुख पाने के लिए संतोष बहुत जरूरी है। संतोषी सदा सुखी जो संतोषी है वह हमेशा सुखी है ,और जो असंतोषी है वह हमेशा दुखी है।लोभी व्यक्ति का मन कभी शांत नहीं रहता। आज श्री 1008 पुष्पदंत नाथ भगवान का निर्वाण कल्याणक का पावन दिवस है,आज सभी भक्तों ने मिलकर निर्वाण कांड पढ़कर निर्वाण लाडू अर्पित किया। अंत में अविरल मोदी के द्वारा जिनवाणी स्तुति संपन्न की गई। रात्रि कालीन भगवान आचार्य श्री महाराज जी की मंगल आरती संपन्न की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नवीन, नितिन,सचिन ,पंकज गदिया, प्रकाश, आलोक, विनोद, अभिषेक, अभिनव ,अभिनंदन , अरिंजय ,अविरल, मोदी, सुमन लता ,रजनी ,नेहा, सुरभि मोदी ,अभिलाषा जैन, आदि प्रमुख रूप से उपस्थितथे।*

# भागवत कथा, तुलसी वर्षा व हवन के साथ सम्पन्न हुआ आयोजन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** बंसल परिवार द्वारा राधा कृष्ण जमात मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का समापन तुलसी वर्षा एवं हवन-पूजन के साथ श्रद्धा और भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नगर सहित बंसल परिवार, सिंघानिया परिवार, बिंदल परिवार, पचेरीवाला परिवार एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथावाचक पं. ओमप्रकाश जोशी ने प्रवचन में कहा कि परमात्मा सर्वव्यापी एवं अंतर्यामी हैं, उनसे कुछ भी छुपा नहीं



है। ईश्वर भाव के भूखे होते हैं, इसलिए मानसिक या भौतिक किसी भी प्रकार का पूजन सच्चे मन से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाती है और इसके श्रवण मात्र से जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं। कथा समापन अवसर पर आचार्यों के उत्साहपूर्ण निर्देशन में गीता सहस्त्रधारा, तुलसी वर्षा व हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। जजमानों सहित परिवारजन व श्रद्धालुओं ने आहुति देकर सभी के सुख-शांति की मंगलकामना की। पं. जोशी ने दान की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सच्चा दान वही है जो गुप्त हो और अहंकार रहित हो। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि जीवन में कम से कम एक बार अवश्य भागवत कथा श्रवण करना चाहिए, इससे न केवल जीवन का कल्याण होता है बल्कि पूर्वजों का भी उद्धार होता है। आयोजक बंसल परिवार ने नगरवासियों और सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और तपस्या की प्रेरणा मिलती है।

## ईस्ट कोस्ट रेलवे की 11वीं ZRUCC की प्रथम बैठक

# भुवनेश्वर में जनप्रतिनिधियों और हितधारकों की सक्रिय भागीदारी



विशेष प्रतिनिधि द्वारा

**भुवनेश्वर।** ईस्ट कोस्ट रेलवे (ECoR) द्वारा भुवनेश्वर में 11वीं ज़ोनल रेलवे यूज़र्स कंसल्टेटिव कमेटी (ZRUCC) की प्रथम बैठक का आयोजन लेमन ट्री होटल के कांन्फ्रेंस हाल में किया गया। बैठक की अध्यक्षता महाप्रबंधक श्री परमेश्वर फुंकवाल ने की, जबकि उपमहाप्रबंधक एवं ZRUCC सचिव श्री के.के. खडांगा ने संचालन का दायित्व निभाया। रेलवे विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, उपभोक्ता संगठन, यात्री संघ, उद्योग मंडल तथा विशेष रुचि समूहों के सदस्य इसमें शामिल हुए। बैठक में यात्री सुविधाओं में सुधार, नई ट्रेनों की शुरुआत, ट्रेनों की आवृत्ति बढ़ाने, जनसामान्य की मांगों पर प्रतिक्रिया तथा अन्य विकासात्मक पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। महाप्रबंधक ने आश्वासन दिया कि सभी सुझावों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी और उपलब्ध संसाधनों के अंतर्गत यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने उपस्थित सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी और रचनात्मक सुझावों की सराहना की।









विगत 29 अगस्त 2025 को ईस्ट कोस्ट रेलवे की ज़ोनल रेलवे सलाहकार समिति ZRUCC की 11वीं बैठक भुवनेश्वर में लेमन ट्री होटल के कॉन्फ्रेंस हॉल में संपन्न हुई, जिसमें रायपुर से श्री नारायण भूषणिया ने भाग लिया।

श्री भूषणिया ने बिलासपुर से जगदलपुर के बीच द्वि साप्ताहिक अमृत भारत ट्रेन चलाने की मांग रखी जिस पर सहानुभूति पूर्वक महाप्रबंधक जी ने प्रयास करने का आश्वासन दिया।

श्री भूषणिया की मांग पर सराईपाली में रेलवे आरक्षण केंद्र खोलने के लिए भी सहमति प्रदान की गई। बैठक एवं आवास की व्यवस्था बहुत ही सराहनीय थी महाप्रबंधक श्री परमेश्वर जी ने सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। ईस्ट कोस्ट रेलवे ने यह स्पष्ट किया कि सभी हितधारकों के सुझावों को ध्यान में रखते हुए सेवा सुधार और विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। रेलवे प्रशासन ने जनसामान्य से निरंतर संवाद बढ़ाने और उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाएँ लागू करने का संकल्प व्यक्त किया।

## बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री अप्पलानायडु कालिसेट्टी | सांसद, विजयनगरम (आंध्र प्रदेश) |
| 2 | श्री महेश कश्यप | सांसद, बस्तर (छत्तीसगढ़) |
| 3 | श्रीमती अपराजिता सारंगी | सांसद, भुवनेश्वर (ओडिशा) |
| 4 | श्री सुजीत कुमार | सांसद (राज्यसभा), ओडिशा |
| 5 | श्री बोनेला विजय चंद्र | विधायक, परवतीपुरम |
| 6 | श्री बिस्वजीत दास | टिटिलागढ़ |
| 7 | श्री संतोष कुमार | पारलाखेमुंडी |
| 8 | श्री कंचुमुर्थी ईश्वर | |
| 9 | श्री नारायण भूषणिया | रायपुर |
| 10 | डॉ. हेमसागर साहा | केसिंगा |
| 11 | श्री प्रसंता कुमार कटक | |
| 12 | श्री श्रीनिवास राव्लो | नागरिक उड्डयन मंत्री द्वारा नामित |
| 13 | श्री अरुण कुमार मुखर्जी | संबलपुर |
| 14 | श्री नंबियार वेंगु गोपाला राव | बोब्बिली |
| 15 | श्री एम. रमेश | कोरापुट |
| 16 | श्री के.वी. प्रसाद | महाप्रबंधक (वाणिज्य), एनएमडीसी लिमिटेड, हैदराबाद |
| 17 | डॉ. देबानंद साहू | एसोसिएट प्रोफेसर, एम्स भुवनेश्वर |
| 18 | प्रो. प्रसन्नजीत मिश्रा | डीन (एक्सटेंशन), OUAT, भुवनेश्वर |
| 19 | श्री सौम्य रंजन प्रधान | |
| 20 | श्री मानस कुमार नंदा | |
| 21 | श्री कलिंगा चरण पाणिग्राही | |
| 22 | श्री पी. सत्यनारायण | एसई (आर एंड बी), श्रीकाकुलम |
| 23 | श्री बिरजा शंकर मिश्रा | सांसद (क्योंझर) के प्रतिनिधि |

## मुख्य चर्चा बिंदु

- यात्री सुविधाओं में सुधार
- नई ट्रेनों की शुरुआत और आवृत्ति बढ़ाने पर विचार
- जन मांग पर त्वरित प्रतिक्रिया देने का आश्वासन
- विशेष रुचि समूहों की समस्याओं पर ध्यान
- रेलवे सेवाओं को अधिक सुगम, सुरक्षित और जनहितकारी बनाने का प्रयास

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा डीबी कार्प लिमिटेड प्लाट नंबर-40/44 इंडस्ट्रीयल एरिया बीरगांव उरला रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / web- www.krantirath.com